जागो जागो शेरोवाली जागो मेहरावाली सवेरा हो गया है

ओ माँ जागो जागो शेरावाली , जागो मेहरा वाली
सवेरा हो गया है, सवेरा हो गया है
फूट रही सूरज की लाली, जागो ज्योतोवाली
सवेरा हो गया है, सवेरा हो गया है

चहचाह रही चिडियो ने, छोड़ा माँ अपना बसेरा है
किरणे सुनहरी चमकी , कोयल ने दिल का तार छेड़ा है
ओ माँ पुष्प हार लाये वनमाली, जागो पहाडोवाली
सवेरा हो गया है, सवेरा हो गया है

गाते है गीत झरने, नदियों ने छेड़े माँ तराने है,
ठंडी पवन के झोंके, मन को तो लगते माँ सुहाने है
ओस डूबी है हरियाली, रात गयी मतवाली
सवेरा हो गया है, सवेरा हो गया है

आचमन कराती गंगा, मुख धो रहे हैं सिंधु सातो माँ
पूजन को आया लख्खा, जागो जागो जागो शेरोंवाली माँ
सजी आरती की है थाली, जागो भवनों वाली
सवेरा हो गया है, सवेरा हो गया है

स्वर : लखबीर सिंह लक्खा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21898/title/jaago-jaago-sheravali-jaago-meharawali-sabera-ho-gaya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |